प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 25.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- पश्चिम एशिया के हालात पर सर्वदलीय बैठक जारी, केंद्र ने दोहराया– देशभर में पेट्रोल–डीजल पर्याप्त, पाइपलाइन विस्तार के लिए किया नया आदेश जारी।
- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 28 मार्च को झारखंड दौरे पर, उलिहातू में बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि, आईआईएम रांची के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल।
- झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नया बिजली टैरिफ किया जारी, करीब छह प्रतिशत की बढोत्तरी, एक अप्रैल से लागू होगा नया बिजली टैरिफ।
- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने का दिया निर्देश, मतदाताओं के घरों पर बीएलओ की जानकारी वाले स्टीकर लगाने की सलाह।
- रांची में अंडर–17 स्कूली क्रिकेट ट्रायल 2 अप्रैल को, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम का होगा चयन

*****************

पश्चिम एशिया मुद्दे पर सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक संसद भवन परिसर में चल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और राजीव रंजन सिंह सहित अन्य नेता उपस्थित हैं।

कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक और तारिक अनवर, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास और समाजवादी सांसद धर्मेंद्र यादव तथा अन्य विपक्षी दलों के नेता भी बैठक में मौजूद हैं।

*****************

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देशभर में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं, जबकि एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। नेचुरल गैस वितरण आदेश 2026 लागू कर पाइपलाइन विस्तार की योजना बनाई गई है। साथ ही नाविकों की सुरक्षित वापसी और लाखों यात्रियों के भारत लौटने की जानकारी दी गई है।

*****************

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 28 मार्च को झारखंड दौरे पर आएंगे। वे उलिहातू में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देंगे और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे आईआईएम रांची के पुंदाग कैंपस में दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के संबंध में आईआईएम रांची के प्रोफेसर डीन एकेडमी तनुश्री दत्ता ने जानकारी देते हुए कहा –

*****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों पर बीएलओ की जानकारी वाले स्टीकर लगाए जाएं, ताकि संपर्क आसान हो सके। साथ ही, मैपिंग से वंचित मतदाता ECINET के "बुक ए कॉल" फीचर के जरिए अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची के आवासीय कार्यालय में रामनवमी महोत्सव को लेकर विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने शिष्टाचार भेंट की।
प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्यमंत्री को 27 मार्च को आयोजित भव्य शोभायात्रा में सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने रामनवमी को भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की।

*****************

केंद्र और राज्य सरकार ने रामनवमी की सरकारी छुट्टी की तारीख में बदलाव किया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार, अब राज्य में रामनवमी का सार्वजनिक अवकाश 26 मार्च के स्थान पर 27 मार्च को होगा।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*****************

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने 2026—27 के लिए नया बिजली टैरिफ जारी किया, जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। आयोग के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने बताया कि टैरिफ में 6 दशमलव एक दो प्रतिशत की वृद्धि की गई है, हालांकि फिक्स चार्ज में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई और कृषि उपभोक्ताओं को छूट दी गई है।

*****************

रांची की एमपी—एमएलए अदालत ने जानलेवा हमला और मारपीट के वर्ष 2017 के मामले में बंधु तिर्की समेत सात आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

*****************

गया—धनबाद रेलखंड पर 180 किलोमीटर प्रति घंटा स्पीड ट्रायल का निरीक्षण रेलवे जीएम छत्रसाल सिंह ने किया। ट्रैक, सिग्नलिंग और तकनीकी व्यवस्था की समीक्षा कर हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन की तैयारी तेज की जा रही है।

*****************

1906 में बने हावड़ा—दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन कुछ ही सेकंड में प्लेटफॉर्म पार कर गई। स्पीड ट्रायल ट्रेन का परिचालन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से लेकर धनबाद के प्रधानघंटा स्टेशन तक किया गया। इस हाई—स्पीड ट्रायल के सफल होने पर भविष्य में हावड़ा से दिल्ली का सफर घटकर लगभग 12 से 13 घंटे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

*****************

रांची स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान में एशियाई शेर के एक नन्हें शावक का जन्म हुआ है, जो अब लगभग चार माह की हो चुकी है। उद्यान के निदेशक जब्बार सिंह ने बताया कि शावक का जन्म 28 नवंबर 2025 को मादा शेर 'सबरी' से हुआ था। दर्शकों के लिए शावक के दीदार की व्यवस्था की गई है, जहां सीसीटीवी के माध्यम से उसे देखा जा सकेगा। इस दौरान संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

*****************

राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों मौसम का उतार–चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

******************

रांची में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से अंडर–17 बालक स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 2 अप्रैल को साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान, चुटिया में आयोजित किया जाएगा। ट्रायल सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इस ट्रायल के माध्यम से झारखंड टीम का चयन राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जो 26 अप्रैल से 1 मई तक तेलंगाना के जडचेरला में आयोजित होगी।

********समाप्त*********